संख्या–cm-463
17/12/2019

जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत औरंगाबाद में चल रही विभिन्न योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

पटना, 17 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा प्रखण्ड पहुँचे, जहाँ उन्होंने जल–जीवन–हरियाली योजनान्तर्गत निर्मित पोखर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजनान्तर्गत औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखण्डों के 39 लाभुकों को वाहनों की चाबी प्रदान की गयी। एक लाभुक को मुख्यमंत्री ने स्वयं चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने यहाँ स्ट्राबेरी की खेती का अवलोकन किया और कहा कि नकदी फसल के रूप में यह एक बेहतर विकल्प है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पाँच विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने भ्रमण के क्रम में निर्मित मुर्गी शेड, बकरी शेड एवं पशु शेड का अवलोकन किया। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा से संचालित वाटर पम्प का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री आनंद शंकर सिंह, विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह, विधायक श्री अशोक कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री राजन सिंह सहित पूर्व विधायक श्री रणविजय सिंह एवं श्री ललन भूईया, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव कृषि श्री एन0 सरवन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त मगध प्रमण्डल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, औरंगाबाद के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******